Bareilly, Thursday,
2 September 2021
BAREILLY EDITION
Price 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 06 : MIDDLE

एसआरएमएस के नर्सिंग स्टाफ को मिला सम्मान

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (1 Sept): कोरोना वायरस से जंग में अहम भूमिका निभा रहे एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग स्टाफ को नेशनल एसोसिएशन ऑफ इंडियन नर्सेज ऑफ अमेरिका (एनएआईएनए) की तरफ से सम्मानित किया गया. कॉलेज की नर्सिंग सुप्रिंटेंडेंट ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) लीना कुमारी ने बताया एनएआईएनए ने इसके लिए 50 नर्सों को चुना है. इन सभी को संस्था की ओर से 15 सौ रुपये के गिफ्ट वाउचर और प्रशंसापत्र भी भेजे हैं. नर्सों के सम्मान पर एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह और कालेज के प्रिंसिपल डॉ.एसबी गुप्ता ने भी बधाई दी.

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 02 सितंबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO. 07 : TOP

एसआरएमएस के नर्सिंग स्टाफ का सम्मान

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के नर्सिंग स्टाफ को नेशनल एसोसिएशन आफ इंडियन नर्सेज आफ अमेरिका (एनएआईएनए) की तरफ से सम्मानित किया गया। एनएआईएनए अमेरिकी संगठन है जो भारतीय नर्सिंग स्टाफ और नर्सिंग छात्रों के साथ मिलकर काम करता है। यह जानकारी कलेज की नर्सिंग सुप्रिंटेंडेंट ब्रिगेडियर (सेवानिवृत) लीना कुमारी ने दी। कोविड की मुश्किल घड़ी में जब लोग घरों से निकलने में डर रहे थे, नर्सिंग स्टाफ ने जान संकट में डालकर मरीजों की सेवा की। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के स्टाफ ने फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में कोविड संक्रमित मरीजों के इलाज में योगदान दिया।